भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये

रु.50

FIFTY RUPEES

Rs.50

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

छत्तीसगढ़ CHHATTISGARH

P 756161

मॉडल स्कूल उपयोग हेतु इकरारनामा

प्रथम पक्षकारः श्री प्रमोद ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी
जिला बीजापुर

द्वितीय पक्षकार/उपयोगकर्ता :- श्री प्रशांत कुमार :- प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय निदेशक
डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, हुडको,
भिलाई (दुर्ग)
वास्ते डी.ए.वी. कॉलेज प्रबन्धन
समिति, नई दिल्ली

यह इकरारनामा/अनुबंध पत्र उभय पक्षकारगण आज दिनांक ....को स्थान बीजापुर में निम्नलिखित शर्तों के आधार पर निष्पादित किया जा रहा है:-

1. यह कि प्रथम पक्षकार छ.ग. शासन द्वारा अधिकृत अधिकारी है, जिसे कलेक्टर द्वारा नोडल अधिकारी के रूप में नामांकित किया गया है। शासकीय भूमि विकसित कर निर्माण कार्य मॉडल स्कूल तैयार किया गया है। यह मॉडल स्कूल बच्चों के उच्चगुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य ग्राम माझीगुड़ा, पटवारी हल्का नां. 00027 तहसील बीजापुर एवं जिला बीजापुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा क्र. 126 कुल रकबा 1.96 हेक्टेयर पर अनुमोदित नक्शे के तहत् मॉडल स्कूल तैयार किया गया है।
2. यह कि उक्त वर्णित मॉडल स्कूल को द्वितीय पक्षकार को 30 वर्ष के लिए उपयोग के अधिकार के तहत् प्रदान किया गया है। यह अधिकार दिनांक .... से होकर दिनांक .... को समाप्त होगी।
3. यह कि उक्त विद्यालय का किराया प्रति वर्ष अनुबंध की धारा 8.14 के अनुसार रु.100/- (रु. एक सौ रूपया) प्रति वर्ष देय होगा। द्वितीय पक्षकार, प्रथम पक्षकार को नियमित रूप से प्रत्येक वर्ष माह जनवरी के द्वितीय सप्ताह तक किराया निम्नलिखित बैंक विवरण के अनुसार खाते में राशि जमा करेगा:-

नाम – पंजाब नेशनल बैंक, बीजापुर
बैंक ब्रांच – बीजापुर

...REGIONAL DIRECTOR

Scanned by CamScanner

Scanned with CamScanner

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये

FIFTY RUPEES

रु.50

Rs.50

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

छत्तीसगढ़ CHHATTISGARH

P 756155

4. यह कि, उक्त मॉडल स्कूल के सुरक्षा के एवज मे द्वितीय पक्षकार द्वारा प्रथम पक्षकार के पास अनुबंध की धारा 7.1.1 के अनुसार रु. 50,000/- (अक्षरी रु. पचास हजार मात्र) प्रति विद्यालय बतौर परफारमेंस गारंटी बैंक गारन्टी के रूप मे जमा करेगा जो कि उपयोग का अधिकार संबंधित समाप्त किए जाने पर प्रथम पक्षकार द्वारा द्वितीय पक्षकार (डीएव्ही) को बिना ब्याज के वापस करेगा। बैंक गारन्टी का अवधि समाप्त होने पर इसे पुन द्वितीय पक्षकार द्वारा पुर्नजीवित किया जाएगा।

5. यह कि, उक्त भवन मे विद्युत मीटर लगा हुआ है, उसमे जितना भी बिल आएगा, उसकी अदायगी द्वितीय पक्षकार द्वारा की जाएगी। विद्युत मीटर मे द्वितीय पक्षकार द्वारा कोई छेड़छाड़ नही की जावेगी। अगर यदि ऐसा होता है तो उसकी जवाबदारी द्वितीय पक्षकार की होगी।

6. यह कि, उपरोक्त विद्यालय भवन को द्वितीय पक्षकार किसी अन्य को उपकिराए या माडगेज या लीज पर नही देगा तथा विद्यालय भवन के स्वरूप मे किसी प्रकार का रद्दोबदल एवं तोड़फोड़ अथवा नवनिर्माण सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग की अध्यक्षता मे गठित राज्य स्तरीय समिति के अनुमति के बिना नही करेगा।

7. यह कि, द्वितीय पक्षकार उक्त भवन मे किसी प्रकार का गैर कानूनी कार्य नही करेगा यदि ऐसा करते पाया जाता है तो उसकी जवाबदारी द्वितीय पक्षकार यानी द्वितीय पक्षकार (डीएव्ही) की होगी।

8. यह कि, उक्तानुसार अवधि समाप्ति पर उपयोग का अधिकार का यह अनुबंध स्वयमेव समाप्त हो जाएगा।

9. यह कि, प्रथम पक्षकार द्वारा आवश्यकता पड़ने पर विद्यालय का निरीक्षण किया जा सकता है, जिसमें द्वितीय पक्षकार (डीएव्ही) द्वारा पूरा-पूरा सहयोग प्रदान किया जावेगा।

10. यह कि, उक्त भवन में द्वारा पंखा- निरंक नग, ट्यूब लाईट- निरंक नग, सी.एफ.एल.- निरंक नग, सोडियम लाईट- निरंक, कॉल बैल- निरंक, फर्नीचर- 267, अलमारी- 05, स्टील रैक- 04 तथा संलग्न 06 पृश्ठो की दी गई सामग्रीयों की सूची चालू चालू हालत में दिया जा रहा है, जो कि विद्यालय खाली करते समय चालू व दूरस्त हालत में लौटायाा जाएगा।

11. यह कि द्वितीय पक्षकार कभी मॉडल स्कूल का भू-स्वामित्व के अधिकार को चुनौती नही देगा।

आज दिनांक .... को स्थान बीजापुर (छ.ग) में उभय पक्षकारगण इस उपयोग हेतु अनुबंध का इकरारनामा को पढकर, पढ़वाकर सुनकर, समझकर, स्वस्थ्य चित्त मन से बिना किसी डर, दबाव व प्रलोभन से अपना-अपना हस्ताक्षर, गवाहों की उपस्थिति में कर दिए ताकि सनद रहते वक्त

Scanned by CamScanner

CS Scanned with CamScanner

स्थान :– बीजापुर (छ.ग.)

दिनांक :– ....

गवाह:– 1. बी. एल. पुजारी

2. Shiv Kumar Goyal

हस्ताक्षर प्रथम पक्षकार / नोडल अधि

District Education Officer
District Bijapur (C.G.)

हस्ताक्षर द्वितीय पक्षकार / डी

ASSTT. REGIONAL DIRECTOR
DAV PUBLIC SCHOOLS
MP & CG Zone-1
Hudco Bhilai

PRINCIPAL
DAV MUKHYAMANTRI PUBLIC SCHOOL
MANJHIGUDA, BIJAPUR (C.G.)
PIN-494444

Scanned by CamScanner

CS Scanned with CamScanner